समय: ३ घण्टे **कुल अंक : १००**

सूचना:- १. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

२. उत्तरपुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखे।

३. IDOL (पत्राचार) के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर IDOL (पत्राचार) अवश्य लिखें।

प्रश्न.१ विभिन्न विद्वानों ने हिंदी साहित्य का काल विभाजन किस प्रकार किया है? वर्णन कीजिए। (20)

अथवा

प्रश्न.१ वीरगाथा कालीन काव्य की सामान्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न.२ कृष्ण भक्ति काव्य की प्रमुख विशेषताऐं लिखिए। (20)

अथवा

प्रश्न.२ सूफी काव्य की प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

प्रश्न.३ रीति बद्ध काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (20)

अथवा

प्रश्न.३ रीति सिद्ध काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न.४ प्रगतिवादी कविता की दार्शनिकता का परिचय दीजिए। (20)

अथवा

प्रश्न.४ भारतेंदु युगीन नाटक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न.५ (क) किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए:- (10)

१. लौकिक साहित्य।

२. नई कविता।

1F9593E294D2F1F1334C8F6AD617A827

(ख). निम्न लिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (10)

१. हिंदी साहित्य के आरंभिक युग को 'आदिकाल' के नाम से किसने अभिहित किया है?

२. सरहपाद की सर्वाधिक प्रसिद्ध रचना कौनसी है?

३.रामभक्ति काव्य पर किस दर्शन का प्रभाव रहा है?

४.रीतिसिद्ध काव्य धारा के प्रमुख कवि कौन है?

५. छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किस आलोचक ने कहा है?

६. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी का प्रथम महाकाव्य किसे माना है?

१. कीर्तिपताका २. पद्मावत ,३. पृथ्वीराज रासो,४. प्रियप्रवास।

७. बीजक के रचयिता का नाम क्या है?

१.सूरदास, २. कबीरदास, ३. जायसी, ४. दयाल।

८. अकबर के दरबार के किस सदस्य ने 'दोहावली' की रचना की?

१. बीरबल, २. रहीम, ३. तानसेन, ४. इनमें से किसी ने नहीं।

९. सरस्वती के सम्पादक कौन है?

१. प्रतापनारायण मिश्र, २. महावीर प्रसाद द्विवेदी, ३. हजारीप्रसाद द्विवेदी, ४. हरिऔध।

१०. आठवां सर्ग नाटक के रचयिता का नाम है।

१. भीष्म साहनी, २. सुरेंद्र वर्मा, ३. गोविंद चातक, ४.मोहन राकेश।

****

1F9593E294D2F1F1334C8F6AD617A827